# रिपोर्ट

## [1 Pl 3/48 UP NCC COY]

## महाविद्यालय के विज्ञान परिसर में सात दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

"राष्ट्रीय कैडेट कोर विश्व का बहुत बड़ा वर्दीधारी संगठन है। इसके अन्तर्गत किशोरों और युवाओं को राष्ट्र की द्वितीय रक्षा पंक्ति के रूप में प्रशिक्षित करके एक कुशल और जागरूक नागरिक के रूप में तैयार किया जाता है। एनसीसी प्रशिक्षण के अन्तर्गत कैडेट के रूप में छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करके अपने व्यक्तित्व विकास का अवसर प्राप्त होता है।" उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के विज्ञान परिसर में आयोजित सात दिवसीय एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ के दौरान 48 यू पी बटालियन एनसीसी गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनीत सिंह 'शौर्य चक्र' ने एनसीसी कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कही।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रवींद्र कुमार ने महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस कैंप में प्रतिभाग कर रहे सभी एनसीसी कैडेट्स को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने हुए उत्साहित करते हुए कहा कि कोविड 19 महामारी के इस विपरीत समय में भी बेहतर प्रशिक्षण हेतु एनसीसी कैडेट्स का यह जज्बा ही उन्हें भीड़ से अलग करता है। वर्दी की यह समरूपता निश्चित रूप से आने वाले उन्नत भारत हेतु शुभफल प्रदान करने वाली बनेगी।

बताते चले कि एनसीसी प्रशिक्षण के अंतर्गत ए, बी और सी प्रमाण पत्र की परीक्षाओं को देने हेतु वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एक अनिवार्य प्रशिक्षण होता है। इस शिविर के दौरान कैडेटों को एक साथ ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण, गार्ड ऑफ ऑनर आदि के साथ साथ उनके पाठ्यक्रम से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण कक्षाएं भी पढ़ाई जाती है। यह प्रशिक्षण एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों तथा भारतीय सेना के अनुभवी जे सी ओ और एन सी ओ द्वारा कुशलता के साथ दिया जाता है।

इस कैंप के दौरान एक दिन एनसीसी गोरखपुर ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर द्वारा निरीक्षण भी किया जाता है, जिसके अन्तर्गत ब्रिगेडियर दीपेंद्र रावत ने इस कैंप में पधारकर

कैडेटों का उत्साहवर्धन किया। कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर ग्रुप कमांडर महोदय का स्वागत किया गया।

इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स को बेहतर प्रशिक्षण के साथ साथ महाविद्यालय के अन्य छात्र छात्राओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत रहा। इसके माध्यम से छात्र छात्राओं को भारतीय सेना की अनुशासित और सुव्यवस्थित कार्य पद्धति देखने और सीखने का सुअवसर भी प्राप्त हुआ।

जय हिन्द।

**--- डॉ पुष्यमित्र मिश्र**
**केयर टेकर- एन.सी.सी.**








SHOT ON REDMI Y3
AI DUAL CAMERA




48 UP BN NCC
राष्ट्रीय कैडेट कोर
NATIONAL CADET CORPS




FIRE


48 UP BN NCC
48 UP BATTALION NCC
राकैको NCC
48 UP BATTALION NCC
राकैको NCC
GONDA






SHOT ON REDMI Y3
AI DUAL CAMERA


SHOT ON REDMI Y3
AI DUAL CAMERA
GONDA
GONDA

[redacted]

लखनऊ, गुरुवार,10 फरवरी, 2022 4

# लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज विज्ञान भवन में सात दिवसीय कैंप का आयोजन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**



48 यूपी वाहिनी एनसीसी गोंडा का वार्षिक प्रशिक्षण कैंप स्थानीय श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज विज्ञान भवन में चल रहा है इस सात दिवसीय कैंप में गोरखपुर ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर दीपेंद्र रावत द्वारा निरीक्षण किया गया ग्रुप कमांडर का कैंप में स्वागत कैंप कमांडेंट कर्नल सुनीत सिंह एवं एडम ऑफिसर कर्नल संजीवा ने किया स्वागत के उपरांत ग्रुप कमांडर को एनसीसी कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया ग्रुप कमांडर ने गार्ड की सराहना की प्रशिक्षण कैंप में चल रहे अलग-अलग चेक पोस्ट पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एनसीसी कैडेटों को दिशा निर्देश दिया कैंप कमांडेंट कर्नल सुनीत सिंह द्वारा पूरे कैंप की गतिविधियों का ब्रीफिंग ग्रुप कमांडर को प्रोजेक्टर द्वारा दिया गया ग्रुप कमांडर ने प्रशिक्षण के अलावा कैंप एरिया में स्थापित कुकिंग एरिया हथियार रूम ऑफिस एरिया का भी निरीक्षण किया इसके उपरांत कैंप में कार्य कर रहे सभी एनसीसी अधिकारियों सहित सेना के अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए एनसीसी कैडेटों से भी वार्तालाप किया।

ग्रुप कमांडर के अनुसार 48 यूपी वाहिनी एनसीसी गोंडा गोरखपुर ग्रुप में एक अलग स्थान रखता है और सर्वश्रेष्ठ बटालियन में से एक है कैडेटों को बी एवं सी प्रमाण पत्र के अलावा अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने में एनसीसी मददगार साबित होती है कैडेटों के अंदर राष्ट्र भावना के अतिरिक्त समाज सेवा एवं अन्य क्रियाकलापों में प्रतिभाग करने की सबक एनसीसी से मिलती है कैंप में मेजर के पी सिंह मेजर राजेश द्विवेदी मेजर राजाराम लेफ्टिनेंट नरेंद्र मिश्रा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda